अमर उजाला 02/01/2026

शॉर्ट फिल्म निर्माण की तकनीकी प्रक्रिया बताई

जीएमएन कॉलेज में मास कम्युनिकेशन की ओर से किया गया कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में मास कम्युनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग की ओर से शॉर्ट फिल्म निर्माण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म निर्माण की तकनीकी एवं रचनात्मक प्रक्रियाओं से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा।

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा राई सोनीपत के सहायक प्राध्यापक अनिल यादव ने शॉर्ट फिल्म निर्माण की तकनीकी एवं रचनात्मक प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि शॉर्ट फिल्म निर्माण एक सृजनात्मक कला है, जिसमें सशक्त विचार, सुनियोजित योजना और आधुनिक तकनीक का संतुलित

शॉर्ट फिल्म निर्माण विषय पर व्याख्यान के दौरान मौजूद लोग। कॉलेज

समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की प्रेरक व्याख्यान विद्यार्थियों के न केवल व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं बल्कि उन्हें वर्तमान में मीडिया और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उपलब्ध नए अवसरों एवं संभावनाओं से परिचित भी कराते हैं। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। विभाग के प्रभारी सहायक प्राध्यापक राजिंद्र मीरवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल पुनिया ने कहा कि विभाग समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों, रचनात्मक दृष्टिकोण तथा व्यावसायिक कौशल की समुचित जानकारी मिल सके।